पंजाब केसरी 16/09/2024

नेपाल में प्रो. डा. अनीश कुमार व डा. मंजू तोमर को मिली हिन्दी काव्य रत्न उपाधि

अम्बाला, 15 सितम्बर (बलराम/मुकेश): नेपाल के लुम्बिनी में हिन्दी दिवस पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अम्बाला छावनी के जी.एम.एन. कालेज के हिन्दी विभाग के प्रोफैसर डा. अनीश कुमार व एम.डी.एस.डी. महाविद्यालय के हिंदी विभाग की सहायक प्रो. डा. मंजू तोमर को हिन्दी काव्य रत्न उपाधि से सम्मानित किया गया है।

डा. अनीश कुमार व डा. मंजू तोमर।

यह कार्यक्रम नेपाल की प्रसिद्ध संस्था 'शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाऊंडेशन नेपाल' द्वारा भाषा तथा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों को एक ऑनलाइन प्रतियोगिता के माध्यम से हिन्दी दिवस पर सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में नेपाल, भारत, अमरीका, कनाडा तथा तंजानिया से 6742 पुरुष एवं महिला रचनाकारों की सहभागिता थी, जिसमें 675 प्रतिभाओं को उत्कृष्ट कविता के आधार पर सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा डा. अनीश कुमार को उनकी बेहद संवेदात्मक एवं स्वयं रचित कविता 'पिता' के लिए मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

जी.एम.एन. कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह कालेज के लिए बड़े ही गौरव और गर्व का क्षण है कि हमारे कालेज के प्रोफेसर डा. अनीश कुमार को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि मिली है।

भविष्य में भी साहित्य के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे और स्वयं को परिमार्जित करें, ताकि उनके व्यक्तित्व की आभा से दूसरे भी ऊर्जा प्राप्त करते रहें।